**भास्कर ख़ास** दिसंबर में एनरोल होने वाले स्टूडेंट्स को मिलेगा फायदा, पारिवारिक आय के दायरे में छूट

# अच्छे नंबर लाने वाले स्टूडेंट्स की पूरी फीस लौटाएगा कंपनी सेक्रेटरी इंस्टीट्यूट

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) ने प्रतिभावान व आर्थिक रूप से पिछड़े छात्र व छात्राओं के लिए 100 प्रतिशत रिफंड योजना शुरू की है। इस योजना के तहत फाउंडेशन व एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में दिसंबर में एनरोल होने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत फीस रिफंड हो जाएगी। यह योजना मेधावी व आर्थिक रूप से पिछड़े छात्र छात्राओं को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए शुरू की गई है। आईसीएसआई की स्वर्ण जयंती वर्ष पर यह पहल की गई है।

फाउंडेशन प्रोग्राम के तहत ऐसे मेधावी छात्र जिन्होंने 12वीं की परीक्षा में 70% अंक हासिल किए हैं, उनको पूरी फीस रिफंड होगी। इसमें परिवार की आय का कोई नियम लागू नहीं होगा। इसी प्रकार आर्थिक रूप से पिछड़े वे स्टूडेंट्स जिन्होंने 12वीं में 55% हासिल किए हैं उनको भी पूरी फीस रिफंड हो जाएगी। संबंधित छात्र/छात्रा की पारिवारिक आय एक लाख रुपए तक ही होनी चाहिए। सीएस एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में 60 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएशन करने वालों को भी पूरी फीस रिफंड होगी। इसमें भी परिवार की आय का कोई नियम नहीं होगा। आर्थिक रूप से पिछड़े छात्र जिनकी परिवार की आय एक लाख रुपए तक है, अगर उन्होंने बैचलर डिग्री 50% अंकों के साथ पूरी की है, उनको भी पूरी फीस रिफंड होगी। आईसीएसआई अध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने बताया कि संस्थान मेधावी छात्र और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को सशक्त बनाने का भी काम कर रहा है। कई स्टूडेंट्स आर्थिक दिक्कतों के कारण उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर पाते।

## इतनी फीस हो जाएगी रिफंड

इस योजना के तहत छात्र को 4500 से 9 हजार रुपए रिफंड किए जाएंगे। फाउंडेशन प्रोग्राम की फीस करीब 4500 रुपए है और एग्जीक्यूटिव की फीस 9 हजार रुपए है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कोटा चैप्टर ऑफिस संपर्क किया जा सकता है। अन्य जिलों के छात्र उनके यहां के चैप्टर ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं।

Dainik Bhaskar Kota, Date- 07.12.2017

# मेधावी और आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों की 100 फीसदी फीस रिफंड

## आईसीएसआई ने की योजना की शुरूआत की घोषणा

नवज्योति/कोटा

राष्ट्र निर्माण की दिशा में विभिन्न पहलुओं में अग्रणी रहने वाले भारतीय कंपनी सचिव संस्थान आईसीएसआई ने सीएस कोर्स के फाउंडेशन व एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में दिसंबर 2017 में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मेधावी व आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों के लिए 100 प्रतिशत फीस रिफंड योजना की शुरूआत की गई है।

आईसीएसआई के प्रेसीडेंट डॉ. श्याम अग्रवाल ने बताया कि आईसीएसआई के स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान संस्थान की यह पहल उन प्रतिभावान एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए है जो उच्च शिक्षा का खर्च वहन नहीं कर सकते। यह पहल कम्पनी सचिव जैसे प्रतिष्ठित कोर्स में निशुल्क रजिस्ट्रेशन के माध्यम से ऐसे छात्रों की उच्च शिक्षा जारी रखने एवं उन्हें मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य के साथ शुरू की गई है। यह फीस रिफंड योजना सभी छात्रों के लिए चालू माह में के लिए ही खुली होगी। सीएस कोर्स की फाउंडेशन स्टेज के लिए यह योजना 10+2 परीक्षा में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए तथा सीएस कोर्स की एग्जीक्यूटिव स्टेज के लिए स्नातक में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए होगी।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के तहत फाउंडेशन स्टेज के लिए 10+2 परीक्षा में 55 प्रतिशत और एग्जीक्यूटिव स्टेज के लिए स्नातक में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को भी योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। विशेष जानकारी के लिये कोटा चैप्टर से सम्पर्क किया जा सकता है। यह रिफंड आईसीएसआई के एसईएफटी स्टूडेंट्स एजुकेशन फंड ट्रस्ट के माध्यम से देय होगा और ऐसे छात्रों को सशर्त फीस रिफंड के लिए बाद के सभी लाभ दिए जाएंगे।

Dainik Navjyoti Dt-08.12.2017